इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट रांची ने मनाया फाउंडेशन डे, मुख्य अतिथि प्रवीण शंकर पंड्या बोले...

एमबीए स्नातक नए मार्ग अपना कर बेहतर कर रहे हैं

सिटी रिपोर्टर | रांची

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट रांची ने अपना 11वां स्थापना दिवस डॉ. रामदयाल मुंडा कलाभवन सभागार, खेलगांव, होटवार में मनाया। मुख्य अतिथि के रूप में शंकर ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के निदेशक प्रवीण शंकर पंड्या उपस्थित थे। मुख्य अतिथि पंड्या ने कहा कि भविष्य के सभी करियर की संभावनाओं में परिवर्तन का एक सरगम है और हर एक के विषय क्षेत्र में विशेषज्ञता होने से अवसरों की कमी कभी नहीं होगी। एमबीए स्नातक अपरंपरागत मार्ग अपना रहे हैं और बहुत अच्छा कर रहे हैं। वहीं विशिष्ट अतिथियों में लार्सन एंड टुब्रो के डॉ. हसित जोशीपुरा, जीसी ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन एआर संजय सिन्हा, सनोफी इंडिया के पूर्व-एमडी डॉ. शैलेश अयंगर और आईआईएम के निदेशक डॉ. शैलेंद्र सिंह उपस्थित थे।

असफलता के बाद चुनौतियों को पार करने का साहस रखें

डॉ. हसित जोशीपुरा ने स्टूडेंट्स को कड़ी मेहनत करने और शोध करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. शैलेश अयंगर ने कहा कि हमेशा असफलता के बाद उठने और चुनौतियों को पार करने का साहस रखें। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रो. शैलेंद्र सिंह ने आईआईएम रांची की दस साल की यात्रा पर प्रकाश डाला। इस मौके पर उपलब्धि हासिल करने वालों युवाओं को सम्मानित किया गया।

स्टूडेंट्स ने जेंडर रोल से बताया- दुनिया बदल गई है

'आईआईएम रांची की सांस्कृतिक समिति ने सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। ड्रामेबाज,' स्किट और स्ट्रीट परफॉर्मर्स के विशेष रुचि ग्रुप ने जेंडर सेंसेटाइजेशन के विषय पर प्रदर्शन किया। स्टूडेंट्स ने जेंडर रोल के माध्यम से संदेश दिया कि दुनिया बदल गई है। हम एक ऐसे युग में रहते हैं, जहां एक पिता घर में रसोइया बनकर मां की भूमिका कुशलता से निभा सकता है।

Dainik Bhaskar, 16.12.2019, Pg. 04